प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 26.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष का सदन के बाहर और भीतर जोरदार हंगामा, कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित।
2. रिम्स–2 जमीन विवाद मामले में पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव समेत 71 के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज, आक्रोश भड़काने और पुलिस पर हमला करने का है आरोप।
3. खनन राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे ने रामगढ़ के कुजू में जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के नव–निर्मित प्रशासनिक भवन और प्रशिक्षु आवासीय सुविधा केन्द्र का किया उद्‌घाटन।
4. झारखंड उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश नवनीत कुमार बने राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने दिलायी शपथ।
5. केन्द्र सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाने को लेकर समिति का किया गठन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद करेंगे अध्यक्षता।

****************

झारखंड विधानसभा मानसून सत्र के तीसरे दिन आज भी सदन के बाहर और भीतर विपक्ष और सत्तापक्ष का हंगामा जारी है। आज सुबह 11 बजकर 10 मिनट पर सदन की कार्यवाही शुरु होते ही कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने एसआईआर वापस लेने की मांग की।

सत्ता पक्ष के लोगों ने भाजपा विरोधी नारे भी लगाये। इसके बाद विपक्ष के विधायक वेल में घुस गए और हंगामा करने लगे। सत्ता पक्ष के सदस्य भी वेल में आकर नारेबाजी करने लगे। इसपर स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही दोबारा शुरु होने पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सूर्या हांसदा एनकाउंट मामले की जांच सीबीआई से कराने और रिम्स टू की खतियानी जमीन आदिवासियों को वापस करने की मांग की।

इसके बाद फिर से सत्ता पक्ष और विपक्ष का हंगामा तेज हो गया। विधानसभा अध्यक्ष ने हंगामे के बीच ही शून्यकाल चलाने का प्रयास किया लेकिन सदन के भीतर हंगामा बढ़ता गया। बाद में स्पीकर ने कार्यवाही फिर से दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले सदन के बाहर भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के लोगों ने अलग–अलग प्रदर्शन किया।

****************

रांची के कांके थाना क्षेत्र के नगड़ी में प्रस्तावित रिम्स–2 की जमीन को लेकर हुए विवाद के बाद पुलिस ने पूर्व मंत्री गीता श्री उरांव समेत 71 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। कांके के सीओ अमित भगत की लिखित शिकायत के आधार पर यह प्राथमिकी दर्ज की गई है। इनपर सरकारी काम में बाधा डालने और पुलिस पर जानलेवा हमला करने का आरोप है।

****************

खनन राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे आज झारखंड के दौरे पर हैं। उन्होंने रामगढ़ के कुजू में जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, जीएसआई के नव–निर्मित प्रशासनिक भवन और प्रशिक्षु आवासीय सुविधा केन्द्र का उदघाटन किया। इस मौके पर उन्होंने खनन वाले क्षेत्रों में सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दिया।

****************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज राज भवन के दरबार हॉल में आयोजित विशेष समारोह में झारखंड उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश नवनीत कुमार को झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनकी पत्नी विधायक कल्पना सोरेन के अलावा कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

****************

कोल इंडिया ने अपनी सहायक कंपनियों, बीसीसीएल और ईसीएल में कार्यरत ठेका श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को मंजूरी दी है। कोल इंडिया के बोर्ड ऑफ डॉयरेक्टर्स की हालिया बैठक में श्रमिकों के लिए कई अहम निर्णय लिए गए। अब ठेका श्रमिकों का वेतन कॉर्पोरेट सैलरी अकाउंट के जरिए बैंकों में जमा होगा। उनके बच्चों को कंपनी के वित्त पोषित स्कूलों में रियायती ट्यूशन फीस का लाभ मिलेगा। आइटीआई, एनआईटी, सरकारी मेडिकल, इंजीनियरिंग कॉलेज और पॉलीटेक्निक में पढ़ने वाले बच्चों को ट्यूशन फीस में 50 फीसदी सहायता दी जाएगी।

***************

केन्द्र सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा और सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती मनाने के लिए दो समितियों का गठन किया है। इसके साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर भी विशेष आयोजन के लिए उच्चस्तरीय समिति बनायी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद तीनों समितियों की अध्यक्षता करेंगे।

***************

जमशेदपुर में दुर्गा पूजा के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए जेबीवीएनएल की ओर से अभी से पहल तेज कर दी गयी है।

***************

भारतीय जनता पार्टी ने अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर राहत कार्य चलाने की मांग की है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य में इस बार अतिवृष्टि के कारण किसानों को भारी नुकसान हुआ है और सरकार को शीघ्र उन्हें नुकसान से उबारने की पहल करनी चाहिए।

इस बीच सत्तारुढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक झामुमो ने कहा है कि अतिवृष्टि से हुए नुकसान को लेकर सरकार संवेदनशील है। पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि किसानों को सरकार की ओर से समय पर हर संभव सहयोग दिया जायेगा।

***************

राज्य भर में आज हरतालिका तीज का पर्व मनाया जा रहा है। यह व्रत भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर रखा जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं निर्जला उपवास रखती हैं और पति की लंबी आयु की कामना करते हुए शिव–पार्वती की पूजा करती हैं।

***************

भारतीय शेयर बाजार का सूचकांक निफ्टी 160 अंक गिरकर 24 हजार 807 पर कारोबार कर रहा था, जबकि सेंसेक्स 540 अंक गिरकर 81 हजार 095 पर कारोबार कर रहा था।

***************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 93 हजार चार सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 22 हजार रुपये प्रति किलो है।

***************

मौसम विभाग ने राज्य में 29 अगस्त से एक बार फिर मानसून के सक्रिय होने की संभावना व्यक्त की है। इस दौरान कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*********